# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## PROGRAMME FOR MADARSA ( CLASS WASTANIA TO MOULVI) EXAMINATION - 2020
## मदरसा (वर्ग वस्तानियाँ से मौलवी) परीक्षा, 2020 का परीक्षा कार्यक्रम

**विज्ञप्ति संख्या - 40/2020**

एतद् द्वारा सभी कोटि के मदरसा के छात्र/छात्राओं, अभिभावकों एवं संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा संचालित मदरसा (कक्षा वस्तानियाँ से मौलवी तक) परीक्षा, 2020 दिनांक 28.10.2020 से प्रारम्भ होगी। परीक्षा कार्यक्रम निम्न प्रकार है:-

*** प्रथम पाली - पूर्वाह्न 9.45 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक**

*** द्वितीय पाली - अपराह्न 2:00 बजे से अपराह्न 5:15 बजे तक**

| तिथि एवं दिन | वस्तानियाँ | | फौकानियाँ | | मौलवी | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रथम पाली | द्वितीय पाली | प्रथम पाली | द्वितीय पाली | प्रथम पाली | द्वितीय पाली |
| 28.10.2020 बुधवार | दिनियात | अरबी । | दिनियात। | दिनियात ।। | दिनियात। | दिनियात ।। |
| 29.10.2020 गुरूवार | अरबी ।। | उर्दू | अरबी | उर्दू | अरबी । | अरबी ।। |
| 31.10.2020 शनिवार | फारसी | अंग्रेजी | हिन्दी | फारसी | हिन्दी | उर्दू |
| 05.11.2020 गुरूवार | सामाजिक विज्ञान | गणित | अंग्रेजी | गणित | फारसी | अंग्रेजी । |
| 06.11.2020 शुक्रवार | हिन्दी | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान | विज्ञान | अंग्रेजी ।। | तारीखे ईस्लाम/ वाणिज्य/मनोविज्ञान/ राजनीतिशास्त्र/समाज शास्त्र/गणित/ अर्थशास्त्र/गृह विज्ञान |
| 07.11.2020 शनिवार | --- | --- | तारीखे ईस्लाम/ वाणिज्य/गृह विज्ञान | --- | --- | --- |

### आवश्यक निर्देश

झारखण्ड अधिविध परिषद् द्वारा आयोजित वार्षिक मदरसा परीक्षा में केन्द्रीय माध्यमिक बोर्ड, दिल्ली (C.B.S.E, Delhi) के अनुरूप मानव संसाधन विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 6/अ 8-17/2006/202 के द्वारा अनुमोदित पत्रानुसार परीक्षार्थियों के तनाव से मुक्त करने के लिए मदरसा परीक्षा में प्रश्न पत्र अवलोकन के लिए 15 मिनट अतिरिक्त समय दिया जायेगा। तदनुसार मदरसा परीक्षा के लिए प्रथम पाली में पूर्वाह्न 9.45 बजे प्रारम्भिक घंटी होगी, परीक्षार्थी अपने कक्ष में जायेंगे, प्रश्न एवं उत्तर पुस्तिकाएं वितरित की जाएगी, 15 मिनट तक परीक्षार्थी प्रश्न पत्र पढ़ेंगे तथा पूर्वाह्न 10.00 बजे पुनः घंटी होते ही परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका में लिखना शुरू करेंगे और परीक्षा अपराह्न 1.00 बजे समाप्त होगी। इसी प्रकार द्वितीय पाली में अपराह्न 2.00 बजे प्रारम्भिक घंटी होगी, परीक्षार्थी अपने कक्ष में जायेंगे, प्रश्न एवं उत्तर पुस्तिकाएं वितरित की जाएगी, 15 मिनट तक परीक्षार्थी प्रश्न पत्र पढ़ेंगे तथा अपराह्न 2.15 बजे पुनः घंटी होते ही परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका में लिखना शुरू करेंगे और परीक्षा अपराह्न 5.15 बजे समाप्त होगी।

1) प्रवेश पत्र को दिनांक 23.10.2020 से परिषद् के वेबसाईट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकेगा। मदरसा प्रधान प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षार्थी को हस्तगत कराना सुनिश्चित करेंगे। रौल शीट एवं परीक्षा संबंधित अन्य प्रपत्रों का वितरण दिनांक 27.10.2020 तक जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से किया जाएगा। मदरसा प्रधानों एवं केन्द्राधीक्षकों से अनुरोध है कि वे स्वयं अथवा अधिकृत दूत के द्वारा उक्त सामग्री प्राप्त कर लेंगे।
2) मदरसा परीक्षा की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 10.11.2020 से 12.11.2020 तक संबंधित मदरसा के द्वारा ली जाएगी। मदरसा प्रधानों से अनुरोध है कि अपने मदरसा की प्रायोगिक परीक्षा का प्रश्न पत्र एवं सादे अंक पत्र दिनांक 09.11.2020 तक संबंधित परिषद् कार्यालय से निश्चित रूप से प्राप्त कर लेंगे। प्रायोगिक परीक्षा हेतु उत्तरपुस्तिकाओं की व्यवस्था संबंधित मदरसा द्वारा की जाएगी। सभी मदरसा प्रधान दिनांक 25.11.2020 तक संबंधित परिषद् कार्यालय में आवश्यक रूप से प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक प्राप्त करा देंगे। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
3) प्रायोगिक अंक पत्रक (SMF) में अंक नहीं रहने पर संबंधित परीक्षार्थी को अनुपस्थित (Absent) माना जाएगा। बाद में उनके किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। जिसकी सारी जिम्मेवारी संबंधित मदरसा प्रधान की होगी।

**नोटः** डाक/कुरियर द्वारा भेजा गया प्रायोगिक अंक पत्रक वगैरह स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**अध्यक्ष के आदेश से,**
**ह./- (महीप कुमार सिंह)**
**सचिव,**
**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।**

JAC/गो./6500/14-SECY/356/20 Dt. 17.10.2020
D.O.P. 18.10.2020